# मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव मिर्जापुर माजरा पहुंचे नायब सैनी



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव मिर्जापुर माजरा (अंबाला-नारायणगढ़) पहुंचे और नगर खेड़ा पर माथा टेका और बड़े बुजुर्गों का भी आशीर्वाद लिया। गांव में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के लिए उमड़ी भीड़ से मुख्यमंत्री भी गदगद हो गए और भाव विभोर होते हुए कहा कि जिस भाईचारे, प्रेम और मनुहार से मुख्यमंत्री के रूप में ग्रामवासियों ने स्वागत किया है उस स्नेहिल आशीर्वाद को जीवन भर याद रखूंगा। घर पहुंचने पर यहां उनकी माता कुलवंत कौर ने तिलक करके अपने बेटे मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत किया और अपना आशीर्वाद दिया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज मैं यहां अपने गांव आकर सुकून और अपनी मिट्टी की खुशबू से सराबोर हूं। उन्होंने कहा कि लस्सी और गुड़ के साथ बाजरे की रोटी का स्वाद और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद यहां खींच लाया है। यहां पूर्व सीएम मनोहर लाल के समाज के प्रति त्याग और सेवाभाव का जिक्र किया और कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए मनोहर लाल ने प्रदेश की सेवा करने में दिन-रात मेहनत की है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंबाला से सांसद रहे स्वर्गीय रतनलाल कटारिया को भी याद किया। उन्होंने कहा श्री कटारिया का हमेशा मेरे उपर आशीर्वाद रहा है। स्व. कटारिया ने सदा सहयोग करते हुए आगे बढ़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने अंबाला लोकसभा से प्रत्याशी बंतो कटारिया को बड़े बहुमत से जीताकर संसद भेजने की अपील भी की।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश और प्रदेश में ऐतिहासिक काम किए हैं। इन 10 सालों में देश और प्रदेश में तेजी से विकास हुआ है। गरीब कल्याण की नीतियों से गरीब परिवारों का जीवन स्तर बदला है। भाजपा सरकार में किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए अनेकों योजनाएं बनी हैं जिनसे हर वर्ग को फायदा पहुंचा है। नायब सैनी ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए 10 की 10 लोकसभा सीटें प्रचंड बहुमत से जीताना अब आप सभी लोगों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब भी आप लोग मुझे याद करोगे मैं यहां उपस्थित रहूंगा। इस मौके पर राज्यमंत्री असीम गोयल, राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिला अध्यक्ष मंदीप राणा, अंबाला लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के अलावा सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# इलेक्टरोल बांड पर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पर किया पलटवार, कहा पहले यह अपना बताए फिर दूसरों का पूछे

**पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने शिवसेना नेता संजय राउत के बयान की निंदा करते हुए कहा राजनीति में ऐसे-ऐसे लोग जिन्हें मर्यादा का बिल्कुल भी ध्यान नहीं**

**पूर्व मंत्री विज ने टविट किया कुछ तो है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन, दौरे-ए-जमां हमारा**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी के विधायक श्री अनिल विज ने कांग्रेस द्वारा इलेक्टोरल बांड को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए कहा कि पहले यह (कांग्रेस) अपना तो बताए। श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इनकी इंडी गठबंधन का सारा जमा करके देखों कि इनको कितना और भाजपा को कितना मिला है। इसके अलावा, एक-एक प्रदेश की पार्टियों व देश की सबसे बड़ी पार्टी को कितना मिला है, पहला यह अपना बताए फिर दूसरों का पूछे। वहीं, कांग्रेस के खाते सील होने के मामले में अनिल विज ने कहा कि इस मामले में जो कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।

**राजनीति में ऐसे-ऐसे लोग जिन्हें मर्यादा का बिल्कुल भी ख्याल नहीं : पूर्व मंत्री अनिल विज**

संजय राउत द्वारा प्रधानमंत्री की तुलना औरंगजेब से करने पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज राजनीति में ऐसे-ऐसे लोग है जिन्हें मर्यादा का बिल्कुल भी ख्याल नहीं है और इनके जहन से यह मुगलिय शब्द क्यों बार बार निकल रहे हैं, इन्होंने इन्हें दिमाग में बिठा रखा है।

**केजरीवाल पहले टवीट कर ज्ञान बांटते थे, उनकी कथनी और करनी में अंतर : अनिल विज**

ईडी के सम्मन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नहीं जाने पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि हर नागरिक को कानून का सम्मान करना चाहिए और यह तो टवीट कर दूसरों को ज्ञान बांटते थे कि सीबीआई, पुलिस या ईडी बुलाए, तो उसमें सहयोग कर चाहिए। मगर, केजरीवाल की कथनी और करनी में अंतर है। इनके सरकार में आने से पहले और सरकार में आने के बाद बयान बिल्कुल विपरीत है। यह दूसरों को उपदेश देते थे और यदि आप ठीक हो तो जाओ, अपनी बात बताओं, आपको किस बात कर डर है।

**टवीट पर बोले अनिल विज, यह देशभक्ति की पंक्तियां हैं।**

वहीं, पूर्व मंत्री अनिल विज द्वारा आज टवीट किया गया जिस पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यह टवीट तो देश भक्ति की पंक्तियां है, जब हमारा स्वतंत्रता संग्राम चल रहा था यह तब की पंक्तियां है। कुछ तो है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन, दौरे-ए-जमां हमारा। उधर, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी द्वारा पूर्व मंत्री अनिल विज से मिलने और चाय पीने के बयान पर उन्होंने कहा कि वो कई बार कह चुके, वो जब भी आए, उनके लिए चाय तैयार है।

# साइबर सिटी में बृज की तर्ज पर होली 23 मार्च को

**सामाजिक समरसता समिति करेगी फूलों की होली का आयोजन**

**हजारों लोग प्रेम और सौहार्द के पर्व में होंगे शरीक**



**गुरुग्राम।** बृज की होली नहीं देखी है तो इस बार साइबर सिटी के लोग शहर में ही इसका आनंद उठा सकते हैं। 23 मार्च शनिवार को शहर के पटौदी चौक स्थित भगवान परशुराम भवन में बृज की होली के हर रंग देखने को मिलेंगे। सामाजिक समरसता समिति की ओर से 23 मार्च की शाम तीन से सात बजे तक होली मंगल मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वृंदावन और मथुरा के कलाकार अपनी लोककला का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही यहां के निवासियों के साथ बृज की होली के रंग साझा करेंगे। इस समारोह में शहर से हजारों लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

सामाजिक समरसता समिति ने बृज की तर्ज पर होली मनाने की तैयारियां आरंभ कर दी है। इसमें राधा-कृष्ण और गोपियों की अटखेलियां होंगी। करीब तीन घंटे तक बृज और मथुरा के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। यहां फूलों की होली की व्यवस्था की गई है। समिति के मुख्य संरक्षक एवं भाजपा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने इसकी तैयारियां साझा करते हुए बताया कि कार्यक्रम दोपहर बाद तीन बजे आरंभ होगा। होली प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का त्योहार है। इसीलिए समाज के सभी वर्ग इसमें शामिल होकर अपनी होली की खुशी एक दूसरे के साथ बांट सकते हैं। सनातन संस्कृति वाले देश में हर त्योहार का अपना महत्व है। होली का सभी त्योहारों में विशेष महत्व है। शहर में होली पर यह अपने आपमे अनूठा आयोजन है। इसमें शामिल होने वाले लोग अलग अनुभव लेकर जाएंगे।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि आरएसएस के क्षेत्रिय संघचालक माननीय पवन जिंदल जी शामिल होंगे। भाजपा हरियाणा के संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सामाजिक समरसात समिति की ओर से समाज में सामाजिक सौहार्द बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। होली मंगल मिनल समारोह भी सामाजिक समरसता का संदेश देने के साथ ही सौहार्द और प्रेम तथा भाईचारे को बढ़ाने में सहायक बनेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोागों के लिए रात्रि भोज की व्यवस्था की गई है।

# पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षो में देश का ऐतिहासिक विकास हुआ है : राव नरबीर



**गुरुग्राम।** हिसार, सिरसा व रोहतक लोकसभा के कलस्टर प्रभारी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षो में देश का ऐतिहासिक विकास हुआ है। पीएम के दूरदर्शी विजन से साल 2047 तक भारत पूरी तरह आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बन जाएगा। देश की जनता लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर विकसित राष्ट्र के संकल्प को साकार करेगी।

राव नरबीर सिंह गुरुवार को सिरसा लोकसभा के ऐलनाबाद व रानिया में कलस्टर स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सिरसा लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी अशोक तंवर विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पूरी तरह हर कसौटी पर खरी उतर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार में जहां गरीबों का कल्याण हुआ है, वहीं देश का मान-सम्मान भी बढा है। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ी है। पार्टी का हर एक कार्यकर्ता मजबूती से लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक बनाने में दस की दस सीटों पर बडे मार्जिन से जिताने के लिए कडी मेहनत कर रहा है। कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण भाव व जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से भाजपा सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। देश को विकास के शिखर पर ले जाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे प्रधानमंत्री के हाथों को हमें और मजबूत बनाना है।

पूर्व मंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकारों ने देश व प्रदेश में खुशहाली लाकर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया है, ताकि देश विकसित होने की राह पर तेजी से आगे बढ सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों में जनता को पूरा विश्वास है और आज लोगों को घर बैठे सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अनेकों जनकल्याण की योजनाएं चलाने के साथ-साथ प्रदेश को विकास को नई गति प्रदान की है। इसी कड़ी में अब नए मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में पार्टी बड़ी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी तथा प्रदेश की सभी दस सीटों पर कमल खिलना पूरी तरह तय है।

इस मौके पर ऐलनाबाद में लोकसभा सिरसा संयोजक आदित्य देवीलाल चौटाला, जिला अध्यक्ष सिरसा निताशा सिहाग, मंडल अध्यक्ष ऐलनाबाद बनवारीलाल तलवाडिया, मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष मंजीत डहालीवाल, मंडल अध्यक्ष सतबीर बैनीवाल, लोकसभा विस्तारक रमेश सिरंग, लेकूराम फौजी, सोहनलाल नागर, डा. विजय सिंह, अमीरचंद मेहता, भूराराम डयूडी, भंवरलाल सिकरिया, गोविंद टांटिया, संदीप तलवाडिया, मनोज चोटिया, राजीव वधवा, दिनेश गोदारा, रानिया में पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज, शीशपाल कंबोज, अमिचंद सुथार, पवन गोयल, बलवान जांगडा, बलदेव राही, निर्मल सिंह, रणमाल, बलदेव, रमेश सीरंग सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा का कोई प्रयोग नहीं होगा सफल : कुमारी सैलजा

**लोकसभा व विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने को तैयार जनता**

**कुकृत्यों पर पर्दा डालने के लिए बदले सीएम और मंत्री**



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का कोई भी प्रयोग सफल नहीं होगा। प्रदेश के लोग इनके साढ़े 9 साल के कुशासन से तंग आ चुके हैं और लोकसभा व विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के चेहरे बदल कर भाजपा ने अपने कुशासन व कुकृत्यों पर पर्दा डालने की जो कोशिश की है, उसमें इन्हें रत्ती भर भी सफलता नहीं मिलने वाली।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा व जजपा का गठबंधन था तो एक बार भी किसी भी घोटाले की जांच को अंजाम तक नहीं पहुंचाया गया, क्योंकि जनता की गाढ़ी कमाई को चूसने में ये दोनों बराबर के भागीदार रहे हैं। कुछ घोटालों की जांच शुरू की गई, लेकिन जब भी किसी बड़े नेता की भूमिका सामने आती तो जांच को किसी न किसी बहाने से तुरंत रोक दिया जाता। प्रदेश की जनता जान चुकी है कि भ्रष्टाचार व घोटालों में ये बराबर के हिस्सेदार थे। पूर्व केंद्रीय ने कहा कि अब आने वाले दिनों में भाजपा नेता साढ़े 4 साल के भ्रष्टाचार की गठरी पूरी तरह से जजपा के सिर पर रखते हुए नजर आ सकते हैं। खुद को पाक-साफ साबित करने के लिए ये गठबंधन तोड़ने की वजह भ्रष्टाचार को बता सकते हैं। जबकि, इन्होंने प्रदेश के जनमत के विपरित आपसी हित साधने के लिए गठबंधन किया था, ताकि प्रदेश के लोगों के खून-पसीने की कमाई को ठगा जा सके।

कुमारी सैलजा ने कहा कि मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल में फेरबदल से पता चलता है कि भाजपा हाईकमान के पास हरियाणा में इनकी राजनीतिक जमीन खिसकने की पूरी रिपोर्ट पहुंच चुकी थी। अपनी पार्टी की डगमगाती नैय्या को पार लगाने के लिए ही इन्होंने सरकार में बदलाव करने का आखिरी दांव खेला। लेकिन, इस दांव का प्रदेश भाजपा के अंदर ही जोर-शोर से विरोध होने लगा है। यही कारण है कि मंत्री बनने के प्रबल दावेदारों की जगह ऐसे चेहरों को शपथ दिलाई गई, जो डमी मोहरे ही बने रहेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मंत्री पद पाने वाले भाजपा नेताओं को पता है कि यही उनकी पार्टी की सत्ता का आखिरी दौर है, इसलिए मंत्रिमंडल बनने के बाद उनमें मलाईदार महकमा हासिल करने की प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। इनका मकसद सत्ता से जाते-जाते अपना घर भरने का है, जनसेवा से इनका कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए ही मुख्यमंत्री अभी तक एक भी मंत्री को विभाग आवंटित नहीं कर पाए हैं, जबकि 5 कैबिनेट मंत्रियों ने उनके साथ ही शपथ ले ली थी। बाकी 8 मंत्री भी शपथ ग्रहण बनने के बाद अपने राजनीतिक आकाओं के मार्फत मनमाफिक महकमे के लिए दबाव बनाने में लगे हैं।

# लांग लाईफ कम्पनी के भीषण अग्निकांड में 6 मजदूरों की मौत दस जीवन मृत्यु के बीच, जांच के नाम पर लीपापोती! : विद्रोही

**हरियाणा भाजपा सरकार इस कांड की न्यायिक जांच करने की बजाय मजिस्ट्रेट जांच के नाम पर पूरे मामले में लीपापोती करके करके फैक्ट्री मालिकों व प्रबधंकों को बचाने के जुगाड़ में : विद्रोही**

**लांग लाईफ कम्पनी के मालिकों व प्रबंधकों के खिलाफ भी हत्या का आरोप धारा में मुकदमा दर्ज हो क्योंकि इस भीषण अग्निकांड के लिए उनकी अपराधिक लापरवाही जिम्मेदार है : विद्रोही**

**मृतक परिवारों को न्यूनतम 25 लाख रूपये का मुआवजा मिलना चाहिए व झुलसे हुए मजदूरों को 2 से 5 लाख रूपये का मुआवजा हरियाणा सरकार दे ताकि गरीब परिवारों को भविष्य का जीवन यापन करने के लिए कुछ तो ठोस सहारा मिल सके : विद्रोही**



धारूहेडा औद्योगिक क्षेत्र की लांग लाईफ कम्पनी के डस्ट कलेक्टर में झुलसे 45 मजदूरों में से इलाज के दौरान छह श्रमिकों की मौत पर स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने गहरा दुख प्रकट करते हुए उनके परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। विद्रोही ने कहा कि अभी दस मजदूर जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहे है। झुलसने से मरे सभी 6 मजदूर उत्तप्रदेश के निवासी है तथा इनमें दो मजदूरों की मौत दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में व 4 मजदूरों की मौत पीजीआई रोहतक में हुई है। लांग लाईफ कम्पनी के भीषण अग्निकांड में 6 मजदूरों की मौत होने व दस मजदूरों के जीवन मृत्यु के बीच झूलने के बाद भी हरियाणा भाजपा सरकार इस कांड की न्यायिक जांच करने की बजाय मजिस्ट्रेट जांच के नाम पर पूरे मामले में लीपापोती करके करके फैक्ट्री मालिकों व प्रबधंकों को बचाने के जुगाड़ में है। कम्पनी के मजदूरों के ठेकेदार के खिलाफ तो केस दर्ज कर लिया, लेकिन फैक्ट्री मालिक के खिलाफ मजदूरों की हत्या करने का केस अभी दर्ज क्यों नही किया, यह समझ से परे है। वहीं फैक्ट्री सुरक्षा नियमों व श्रमिक कानूनों की परिपालना के लिए जिम्म्मेदार श्रम अधिकारियों के खिलाफ अभी तक भाजपा सरकार ने कोई कार्रवाई क्यों नही की?

विद्रोही ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस हादसे में मौत के शिकार हुए मजदूरों के परिवार को प्रति मजदूर श्रम कल्याण बोर्ड से पांच लाख रूपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। वहीं 50 प्रतिशत तक झुलसे मजदूरों के लिए 50 हजार रूपये तथा 50 से 75 प्रतिशत तक झुलसे मजदूरों के लिए एक लाख रूपये व 75 प्रतिशत से ज्यादा झुलसे मजूदरों को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायतो देने की घोषणा की है जो पीड़ित मजदूरों के साथ कतई तर्कसंगत न्याय नही है। विद्रोही ने सवाल किया कि महंगाई व आर्थिक संकट के इस दौर में मृतक मजदूर परिवार को पांच लाख रूपये का मुआवजा एक क्रूर मजाक है। मृतक परिवारों को न्यूनतम 25 लाख रूपये का मुआवजा मिलना चाहिए व झुलसे हुए मजदूरों को 2 से 5 लाख रूपये का मुआवजा हरियाणा सरकार दे ताकि गरीब परिवारों को भविष्य का जीवन यापन करने के लिए कुछ तो ठोस सहारा मिल सके। वहीं लांग लाईफ कम्पनी में हुए इस भीषण अग्निकांड की जांच जिला सत्र न्यायाधीश से करवाई जाये ताकि जांच निष्पक्ष व स्वतंत्र हो सके। इस कम्पनी में दोबार पहले भी इसी डस्ट कलेक्टर में विस्फोट होने के बावजूद सुरक्षा नियमों की परिपालना करवाने में नाकाम सम्बनधित श्रम अधिकारियों को तत्काल निलम्बित किया जाये। विद्रोही ने मांग की कि लांग लाईफ कम्पनी के मालिकों व प्रबंधकों के खिलाफ भी हत्या का आरोप धारा में मुकदमा दर्ज हो क्योंकि इस भीषण अग्निकांड के लिए उनकी अपराधिक लापरवाही जिम्मेदार है।

# भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित प्रदेश संयोजक विद्यानन्द लाँबा ने की नियुक्तियां

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की गई है। कर्मचारी प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा ने सह संयोजकों, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों और जिला संयोजकों की नियुक्ति की है। भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पुनिहाणी ने बताया कि प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा ने सह-संयोजक के पद पर सूरत सिंह बाबलिया, सुखविन्द्र सिंह बराड, बलबीर रोहिल्ला, बलवंत पांचाल, एम.आर. लरोइयॉ को नियुक्त किया है। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी में शिव प्रसाद शर्मा, ए.के. भनोट, महेन्द्र सिंह नरवाल, रवि चौधरी, संजीव कुमार, बी. के.मेहता-रिटायर्ड कमाडेंट, सुख दर्शन अत्री, बलबीर सिंह-रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक, राजपाल शेरा, सतीश कौशल, रणबीर सिंह, हरीश चंद्र गुलाटी, ओम नाथ मालिक, राजरूप यादव, पुष्पेन्द्र शर्मा , ईश्वर सिंह कौशिक, मोहन सिंह मनोचा, श्रीनिवास, शमशेर सिंह यादव, कृष्ण जुलानी, किशोरी लाल गुप्ता, जगत सिंह दलाल, जीके अरोड़ा, विनोद बिहारी शर्मा, प्रभु दयाल कौशिक, विजय अग्रवाल, विजय यादव, समुन्दर सिंह ग्रोवर, बलदेव सिंह, रणबीर फोगाट, महाबीर सिंह यादव, ओमप्रकाश यादव, सुरेंद्र यादव, सर्वसुख यादव रि.एस. एच.ओ, यशपाल यादव, संवत सिंह यादव, बी.पी. यादव रि.ए.एफ. एस.ओ., जे.पी.दहिया, प्रताप सिंह यादव, राजबीर रोहिल्ला, हरीश कुमार भृगू, रतिपाल सिंह, धर्मबीर, विजय वीर, बिपिन्न कुमार शर्मा और आर.सी. कटोच को शामिल किया है।

भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पुनिहाणी ने बताया कि भरतपाल को पंचकूला संयोजक और मानसिंह सबगा को अंबाला जिला का संयोजक बनाया गया है। इसी प्रकार से रोशनलाल शर्मा को यमुनानगर, ईश्वर कौशिक को कुरूक्षेत्र, श्यामाल कल्याण को कैथल, श्यामलाल कम्बोज को करनाल, सतपाल जांगड़ा को पानीपत, सतपाल कौशिक को सोनीपत, रवि चौपड़ा को जींद, बलजीत प्रजापति को झज्जर तथा सुभाष भल्ला को रोहतक जिला संयुक्त नियुक्त किया है। संदीप पुनिहाणी के अनुसार हुनमान गोदारा को सिरसा, वेद प्रकाश गौड़ को हिसार, धर्मपाल जांगड़ा को फतेहाबाद, विनोद कुमार को भिवानी, रामोतार यादव को दादरी, सतबीर यादव को महेन्द्रगढ़, हंसराज यादव को रेवाड़ी, ओम प्रकाश यादव को गुड़गांव, हरकेश सिंह को नूंह, शीतलदास चेयरमैन को पलवल तथा सीके राय को जिला फरीदाबाद संयोजक नियुक्त किया है।